उन्नत भारत अभियान
UNNAT BHARAT ABHIYAN

# Regional Coordinating Institute, Unnat Bharat Abhiyan
## IIT Roorkee

### (News Clipping)

देहरादून/हरिद्वार, 6 फरवरी 2020 दैनिक जागरण



बुधवार को आइआइटी रुड़की में आयोजित कार्यशाला में उपस्थित विभिन्न जगहों से आए प्रतिभागी● आयोजक संस्था

# विकास की संभावित योजनाओं पर की चर्चा

जागरण संवाददाता, रुड़की: उन्नत भारत अभियान के तहत आइआइटी रुड़की में आयोजित कार्यशाला के प्रतिभागियों ने हरिद्वार जिले के बहादराबाद ब्लॉक में चयनित मीरपुर गांव का भ्रमण किया।

आइआइटी रुड़की में मैनेजमेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम ऑन रूरल डेवलपमेंट लीडरशिप पर आयोजित कार्यशाला का बुधवार को तीसरा दिन रहा। मीरपुर गांव के भ्रमण के दौरान राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान, गुवाहाटी के निदेशक प्रो. आरएम पंत, प्रो. एमके श्रीवास्तव, एलएम जोशी, क्षेत्रीय समन्वय संस्थान, उन्नत भारत अभियान, आइआइटी रुड़की के समन्वयक प्रो. आशीष पांडेय ने उन्नत भारत अभियान के विलेज समन्वयक आइआइटी रुड़की के बीटेक छात्र अविजीत, ग्राम प्रधान रीना सैनी और प्रतिभागियों के साथ मौका मुआयना किया। प्रतिभागियों ने आइआइटी परिसर स्थित कृषि-मौसम वेधशाला का भ्रमण भी किया। इस मौके पर प्रो. आशीष पांडेय ने मौसम अवयवों को रेकॉर्ड करने और मौसम पूर्वानुमान को लोगों तक पहुंचाने की पूरी प्रक्रिया से प्रतिभागियों को अवगत कराया। वहीं कार्यशाला में भगवानपुर ब्लॉक के रायपुर गांव निवासी प्रगतिशील कृषक रवि किरन सैनी ने प्रतिभागियों को जैविक खेती के लाभ, उत्तराखंड के विभिन्न जिलों में जैविक खेती और जैविक उत्पाद की मार्केटिंग के बारे में अवगत कराया। इस दौरान सहायक परियोजना निदेशक नलिनीत घिल्डियाल, देहरादून जिले के विकास नगर ब्लॉक की सहायक खंड विकास अधिकारी मीना बिष्ट, जोध सिंह पंवार, गुरविंदर सिंह सहित अन्य प्रतिभागी मौजूद रहे।